समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# YouWeCan गाला इवेटं : लंदन मे युंवराज सिंह के फंडरेज इवेटं मे संचिन तेदुंलकर से विराट कोहली तक, जानिए कौन-कौन हुए शामिल।

Publisher
Published on 09 Jul 2025



**क्रिकेट इतिहास की यादगार शाम, जब एक मंच पर जुटे सचिन तेदुंलकर, विराट कोहली, ब्रायन लारा और कई दिग्गज।**

**लंदन :** क्रिकेट के इतिहास में कुछ पल ऐसे होते हैं जो हमेशा के लिए यादों में बस जाते हैं। ऐसा ही एक खास मौका लंदन में देखने को मिला, जब भारत के पूर्व क्रिकेटर **युवराज सिंह** ने अपनी संस्था **YouWeCan Foundation** के तहत एक भव्य फंडरेज **गाला इवेटं** आयोजित किया।

इस इवेंट में भारत और विश्व क्रिकेट के कई दिग्गज सितारों ने अपनी उपस्थिति से माहौल को और भी खास बना दिया।

**कौन-कौन रहे इस इवेटं मे शांमिल ?**
लंदन में आयोजित इस डिनर गाला में कई दिग्गज खिलाड़ियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई:
१. **सचिन तेदुंलकर अपनी पत्नी अंजलि और बेटी सारा के साथ पहुंचे**।
२. **विराट कोहली ने अपनी हाजिरजवाबी से सभी का दिल जीत लिया**।
३. **आशीष नेहरा, वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा, और इंग्लैडं के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन भी इस खास शाम का हिस्सा बने**।

**विराट कोहली** ने अपने **टेस्ट रिटायरमेटं** को लेकर मजाकिया अंदाज में बातें कीं, जिस पर पूरे हॉल में ठहाके गूंज उठे। वहीं, **सचिन** और **विराट** को एक ही मंच पर देखना फैंस के लिए किसी सपने के सच होने जैसा पल रहा।

**टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने भी दी अपनी उपस्थिति**
इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रही टीम इंडिया के खिलाड़ी भी इस इवेंट में शामिल हुए। हालांकि, उन्हें अगले टेस्ट मैच की

तैयारियों के लिए लौटना पड़ा, इसलिए वे महज एक घंटे के लिए ही कार्यक्रम में रह पाए।

### युवराज सिंह के सामाजिक कार्यों की तारीफ

सभी दिग्गज खिलाड़ियों ने युवराज सिंह के **YouWeCan Foundation** के सामाजिक कार्यों की जमकर सराहना की और उनके मिशन के लिए अपना समर्थन जताया।

**युवराज सिंह** ने बताया कि इस फाउंडेशन का उद्देश्य कैंसर के प्रति **जागरूकता फैलाना** और मरीजों को इलाज व **आर्थिक सहायता** प्रदान करना है। खुद कैंसर से जंग जीत चुके **युवराज सिंह** इस संस्था के जरिए हजारों मरीजों की जिंदगी में बदलाव ला चुके हैं।

### क्या है YouWeCan Foundation?

**YouWeCan Foundation** की शुरुआत 2012 में **युवराज सिंह** ने कैंसर से लड़ाई जीतने के बाद की थी। यह संस्था कैंसर के मरीजों को न केवल इलाज में मदद करती है, बल्कि समाज में कैंसर के प्रति जागरूकता भी बढ़ाती है।

**लंदन** में हुआ यह इवेंट इस फाउंडेशन के लिए फंड जुटाने के मकसद से आयोजित किया गया था, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों की मदद की जा सके।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.